Need to expedite construction of NH 65 in Osmanabad Parliamentary Constituency, Maharashtra-laid

श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ पवन राजेनिंबालकर **(उस्मानाबाद) :** मेरे संसदीय क्षेत्र उस्मानाबाद महाराष्ट्र में राष्ट्रीय महामार्ग क्र. सं. 65 का निर्माण कार्य एस.पी.पी.एल. कंपनी को दिया गया और कंपनी ने जून 2014 में निर्माण कार्य शुरु किया लेकिन आज तक यह मार्ग नहीं बना है, जबकि राष्ट्रीय महामार्ग 211 (धुळे - सोलापूर) का निर्माण कार्य बाद में शुरु हुआ और निर्धारित समय में पूरा हो गया है । अतः सोलापुर- उमरगा मार्ग को तत्काळ पूर्ण करने की जरूरत है । राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 63 और 548 सी लातूर-कुसळम-टेंभुर्णी महामार्ग फोर लेने मे परिवर्तित करने की मांग काफ़ी समय से की जा रही है । उस्मानाबाद जिले से जाने वाला सूरत-चेन्नई ग्रीन फील्ड कॉरिडॉर को ग्राम-वैराग, तहसील-बार्शी जिल्हा-सोलापूर पर कनेक्टिविटी देने की जरूरत है ताकि यह बाजारपेठ अन्य प्रमुख बाजारपेठो से जोड़ा जा सके । सूरत - चेन्नई ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के लिये मेरे संसदीय क्षेत्र ग्राम-पानगाव, तहसील-बार्शी के किसानों की जमीन संपादित की गई थी और किसानों की फसलों को क्षति पंहुची थी । उसका मुआवजा किसानों को नहीं दिया गया । अतः किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जाये । मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे द्वारा की गई मांगों को जल्द पूरा किया जाये और प्रभावित किसानों, यात्रियों और जनता को राहत दी जाये ।